# BABA MASTNATH UNIVERSITY

## ASTHAL BOHAR, ROHTAK

### Public Relations Office

Name of the Publication ......HARI BHOOMI......

Date ..08/11/2021.......... Page ......12.............. Column ..02.................

Subject विज्ञापन - एचआईवी और एड्स के प्रति समझ और जागरूकता भ्रामक धारणाओं और भय को खत्म करने मे सहायक

# विज्ञापन-एचआईवी और एड्स के प्रति समझ और जागरूकता भ्रामक धारणाओं और भय को खत्म करने में सहायक हो सकती है : डॉ. वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में एचआईवी एवं एड्स संवेदीकरण कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसाइटी से डिप्टी डायरेक्टर डॉ. उजिता बालियान मुख्य वक्ता रही। डॉ. उजिता ने एचआईवी और एड्स के बीच के अंतर को समझाया। असिस्टेंट डायरेक्टर राखी शर्मा ने एचआईवी, एड्स से बचाव और उपचार के उपायों के बारे में जानकारी दी। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. एचएल वर्मा ने कहा कि एचआईवी और एड्स के प्रति समझ और जागरूकता ही हमें इससे जुड़ी भ्रामक धारणाओं और भय को खत्म करने में सहायक हो सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में एचआईवी एवं एड्स जागरूकता शिविर के अवसर पर डॉ. उजिता बालियान को पौधा भेट करते कुलपति प्रो. डॉ एचएलवर्मा। फोटो : हरिभूमि

जागरूकता फैलाने में अपना योगदान दें और एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज के निर्माण में सहायक बनें। मंच संचालन डॉ. सुमन राठी ने किया। वहीं इस दौरान एनएसएस समन्वयक डॉ. मनजीत कुमार ने स्वयंसेवकों के साथ गांव पाकस्मा का दौरा किया और वहां के सरपंच जय भगवान के सहयोग से डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में गांव के निवासियों को एचआईवी संक्रमण से बचाव और उपचार की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. प्रीति, रजिस्ट्रार डॉ. मनोज कुमार, डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. नवीन कपिल, डीन डॉ. बीएम यादव, डॉ. ब्रह्म प्रकाश, डॉ. अनिल डूडी, डॉ. प्रमिला, डॉ. राजीव, डॉ. विजय, डॉ. कविता, डॉ. पुष्पा, डॉ. सुधीर मलिक आदि उपस्थित रहे।